## कुलानुशासक कार्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय

दिनांक :27.07.2022

### प्रेस–विज्ञप्ति

लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में दिनांक 29.07.2022 से प्रारम्भ हो रही बी0ए0, बी0–एस0सी0, बी0–एच0सी0, बी0काम0 एवं बी0पी0एड0 व अन्य कक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षा में शान्ति एवं सुव्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से निम्नलिखित व्यवस्था की जाती है:–

1. विश्वविद्यालय परिसर में परीक्षार्थियों को उनके प्रवेश–पत्र देखकर प्रथम पाली मे प्रातः 8.00 बजे द्वितीय पाली मे 1.00 बजे से द्वार संख्या 01, 02, 04 एवं 05 से अन्दर आने की अनुमति दी जायेगी।
2. इस परीक्षा मे समिलित होने वाले परीक्षार्थी कोविड–19 के प्रोटोकाल का अनुपालन करेगे ।
3. परीक्षा ड्यूटी हेतु आने वाले सम्मानित शिक्षक एवं कर्मचारी भी कोविड–19 के नियमों का पालन करते हुये द्वार संख्या 01, 02 एवं 04 पर स्थित वाहन स्टैन्ड पर व अपने वाहन रखने के बाद परिसर में प्रवेश करने का कष्ट करें ।
4. परीक्षार्थी अपने साथ परीक्षा से सम्बन्धित कोई पाठ्य–सामग्री , मोबाइल फोन या बैग आदि नहीं लायेंगे । निरीक्षण के समय ऐसी सामग्री पाये जाने पर उसे मुख्य द्वार से बाहर रखवा दिया जायेगा, जिसकी सुरक्षा की कोई जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की नहीं होगी । यदि यह सामग्री परीक्षा–कक्ष में पायी जायेगी तो अनुचित साधन प्रयोग के अन्तर्गत उनकी परीक्षा निरस्त की जा सकती है ।
5. परीक्षार्थी अपने निर्धारित स्थल पर बैठकर ही परीक्षा देंगे । निर्धारित स्थल के अतिरिक्त अन्य जगह पर बैठकर परीक्षा देने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी ।
6. परीक्षा अवधि में अनाधिकृत रूप से परिसर में प्रवेश करने वालों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी । अभिभावकों से अनुरोध है कि वे भी परिसर के बाहर ही रहने का कष्ट करें ।
7. परीक्षा अवधि में आग्नेयास्त्रों (वैधानिक एवं अवैधानिक) का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा ।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त व्यवस्था का अनुश्रवण कर विश्वविद्यालय प्रशासन का यथेष्ठ सहयोग करने का कष्ट करें ।

(प्रो0 राकेश द्विवेदी)

संख्या 1757-1780 दिनांक : 27.07.2022

प्रतिलिपि निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ ।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
2. समस्त संकायाध्यक्षों को इस आशय के साथ कि समस्त विभागाध्यक्षों को उक्त आशय की सूचना प्रसारित करने का कष्ट करें ।
3. मुख्य अभिरक्षिका, लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रावास, लखनऊ ।
4. परीक्षा नियन्त्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
5. कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
6. वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
7. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना समस्त समाचार–पत्रों में प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
8. इंचार्ज लखनऊ विश्वविद्यालय वेबसाइड को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उक्त सूचना अपलोड करने का कष्ट करें ।
9. प्रभारी, पुलिस चौकी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।

27.7.2022

(प्रो0 राकेश द्विवेदी)
कुलानुशासक
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ